चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/2052
दिनांक :- 04/8/2022

अनुस्मारक

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– संस्थान/महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की सूचना अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत ही है कि बी0एड0 पाठयक्रम में शैक्षिक सत्र 2022–24 में काउन्सिलिंग प्रक्रिया एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित करायी जा रही है। बी0एड0 पाठयक्रम में छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु दिनांक 06.07.2022 को राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करायी जा चुकी है तथा छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ होने जा रही है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने संस्थान में बी0एड0 पाठयक्रम में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित समस्त शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर दिये गये लिंक http://www.ccsum.org.in/index.php पर दिनांक 15.08.2022 तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि में संस्थान में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित समस्त शिक्षकों का विवरण अपलोड नहीं किया जाता है, तो ऐसी अवस्था में विश्वविद्यालय द्वारा आपके संस्थान का नाम शैक्षिक सत्र 2022–2024 में छात्रों के प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाएगा। जिसका समस्त उत्तर दायित्व आपका स्वयं का होगा।

भवदीय,

04-08-22

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कार्यालय अधीक्षक (सम्बद्धता)